राजस्थान सरकार
शिक्षा विभाग

# निदेशालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 474 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

## :: परिपत्र ::

राजस्थान सरकार Regional English Language Office American Embassy के सहयोग से माह फरवरी 2012 में एक कार्यक्रम शुरू करने जा रही है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका के 3 अथवा 4 प्रतिनिधि कालेज शिक्षा निदेशालय में लगभग 180 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेगे। इस परिपत्र के माध्यम से समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वो अपने महाविद्यालय में कम से कम 2 व्याख्याताओं जिन्हें अंग्रेजी भाषा का समुचित ज्ञान हो, जो युवा विकास केन्द्र के कार्यों में विशेष रूचि रखते हो, का नाम दिनांक 31 दिसम्बर 2011 तक इस निदेशालय को प्रेषित करेगे। ये प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स युवा विकास केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके Bio-Data, Group Discussion एवं Body Language के अतिरिक्त Confidance Building इत्यादि व्यक्तिपरक गुणों को विकास करने में मदद करेगे।

(सुबीर कुमार)
निदेशक

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 475-602 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. समस्त प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर/स्नातक महाविद्यालय, राजस्थान।
2. डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता को विभाग की वेबसाईट पर डालने हेतु।

संयुक्त–निदेशक

राजस्थान सरकार

शिक्षा विभाग

# निदेशालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 603 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

:: परिपत्र ::

युवा विकास केन्द्र एवं वैयक्तित्व विकास के संदर्भ में राज्य के समस्त सरकारी पी. जी. कालेजों को निर्देशित किया जाता है कि वो दिनांक 15 दिसम्बर 2011 तक अपने महाविद्यालय में Placement Cell गठित करें। Placement Cell में युवा विकास केन्द्र के समन्वयक, दो जागरूक एवं अंग्रेजी विषय का ज्ञान रखने वाले प्राध्यापक एवं उत्कृष्ठ अकादमी और उच्च प्रतिशतता के आधार पर 2 विद्यार्थी भी इस सैल में होगें। Placement Cell का मुख्य दायित्व आसपास की कम्पनियों में जाकर उनके पदाधिकारियों से वार्ता कर उन्हें Placement Cell हेतु आमंत्रित कर 31 जनवरी 2012 के पूर्व दो दिवसीय रोजगार सत्र का आयोजन करें जिनमें अगर कम्पनी नहीं भी आये फिर भी युवा विकास केन्द्र से सम्बन्धित समस्त अधूरे घण्टों को पूर्ण करें एवं युवा विकास केन्द्र के तहत चिन्हित किये गये समस्त विशेषज्ञों को उस दिन रोजगार सत्र में आमंत्रित करना। सभी युवा विकास केन्द्र के समन्वयकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वो इस सम्बन्ध में अपना अनुभव एवं वैयक्तिक विचार कालेज शिक्षा निदेशालय की वेबसाईट एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की ई–मेल Subkarsun@yahoo.com पर दिनांक 30 नवम्बर 2011 तक प्रेषित करेगे।

इसके अतिरिक्त समस्त पी.जी. महाविद्यालयों के प्राचार्यों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे Placement Cell का गठन कर इसकी सूचना मुख्यालय को दिनांक 15 दिसम्बर 2011 तक ई–मेल अथवा डाक द्वारा प्रेषित करेगे।

पी.जी. महाविद्यालयों के अतिरिक्त यदि कोई यू.जी. महाविद्यालय के प्राचार्य भी स्व–प्रेरणा से Placement Cell का गठन करना चाहे तो वो भी इसे करने के लिए स्वतंत्र है, उन्हें भी निदेशालय स्तर से मार्ग दर्शन प्रदान किया जावेगा।

(सुबीर कुमार)
निदेशक

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 604-731 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. **समस्त प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजस्थान।**
2. **डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता को विभाग की वेबसाईट पर डालने हेतु।**

संयुक्त–निदेशक

राजस्थान सरकार

शिक्षा विभाग

# निदेशालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ ( )अकाद/निकाशि/11/ 732 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

## :: परिपत्र ::

सत्र के शुरूआत में समस्त महाविद्यालयों में महाविद्यालय स्तर पर छात्रों से Feed Back लेने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, हालांकि Daily Dairy की रिपोर्ट संतोषप्रद है, किन्तु Feed Back के बारे में अधिकांश महाविद्यालय निदेशालय स्तर पर सूचना प्रेषित नहीं कर रहे है। इस परिपत्र के माध्यम से समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को यह निर्देशित किया जाता है कि वो Feed Back के सम्बन्ध में अपनी स्थिति स्पष्ट कर निदेशालय को अविलम्ब रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

(सुबीर कुमार)
निदेशक

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 733-860 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. समस्त प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर/स्नातक महाविद्यालय, राजस्थान।
2. डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता को विभाग की वेबसाईट पर डालने हेतु।

संयुक्त–निदेशक

राजस्थान सरकार

शिक्षा विभाग

# निदेशालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 861 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

## :: परिपत्र ::

समस्त स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से यह अपेक्षा की गई थी कि वो अपने महाविद्यालय के एक विशेष कक्ष में 10 कम्प्यूटर स्थापित कर बी.एस.एन.एल. की इन्टरनेट डाउनलोड सुविधायुक्त ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी जिसका मूल्य 75 रुपये से 125 रुपये प्रतिमाह है, स्थापित करेंगे। परन्तु यह अत्यन्त खेद का विषय है कि कुछ महाविद्यालयों ने माह अगस्त 2011 में इस कार्य हेतु MNICT में Fund Release करने के बावजूद भी अब तक इस सुविधा को पूर्ण कर निदेशालय को सूचित नहीं किया है। इन समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को यह निर्देशित किया जाता है दिनांक 15 दिसतम्बर 2011 तक वो इस विशेष सुविधा को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवायेगे। किसी भी सूरत में अगर किसी प्राचार्य द्वारा इसकी पालना नहीं की जावेगी तो विभाग उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। हालांकि अगर कोई प्राचार्य इस सम्बन्ध में कोई दिशा–निर्देश चाहते है तो निदेशालय स्तर पर डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि अथर्वा डॉ. पंकज माथुर, व्याख्याता से सम्पर्क कर अपनी शंकाओं का निराकरण कर सकते है। विशेष परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षरकर्ता की ई–मेल Subkarsun@yahoo.com पर भी सूचना भेज कर अपनी शंकाओं का समाधान कर सकते है, लेकिन अगर 15 दिसम्बर 2011 तक कोई प्राचार्य इस सुविधा को विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने में असमर्थ रहता है तो उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित करते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

(सुबीर कुमार)
निदेशक

क्रमांकः एफ ( )आयो/निकाशि/11/ 862-989 दिनांकः 16 नवम्बर, 2011

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. **समस्त प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर/स्नातक महाविद्यालय, राजस्थान।**
2. **डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, व्याख्याता को विभाग की वेबसाईट पर डालने हेतु।**

संयुक्त–निदेशक